# शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: VIII** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 2:30 घंटे** **पूर्णांक: 60**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'अ' और 'ब' में विभक्त है ।**
2. **खंड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमे से केवल 7 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।**
3. **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं**
4. **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
5. **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

**खंड - 'अ' (बहुविकल्पीय)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4

अतिशय गंभीरता के साथ मिठाईवाले ने कहा-"मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था। मकान व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े नौकर-चाकर सभी कुछ था। स्त्री थी, छोटे-छोटे दो बच्चे भी थे। मेरा वह सोने का संसार था। बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था। स्त्री सुंदरी थी, मेरी प्राण थी। बच्चे ऐसे सुंदर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने। उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था। समय की गति ! विधाता की लीला। अब कोई नहीं है। दादी. प्राण निकाले नहीं निकले। इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ। वे सब अंत में होंगे, तो यहीं कहीं। आखिर, कहीं न जनमे ही होंगे। उस तरह रहता, घुल-घुलकर मरता। इस तरह सुख-संतोष के साथ मरूँगा। इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने उन बच्चों की एक झलक-सी मिल जाती है।

(i) गद्यांश के अनुसार किसने कहा कि "मैं प्रतिष्ठित आदमी था"?

(क) मिठाईवाले ने

(ख) गुड़िया को

(ग) बुढ़िया को

(घ) परिया को

(ii) गद्यांश के अनुसार मिठाईवाले के कितने बच्चे थे?

(क) पाँच

(ख) चार

(ग) तीन

(घ) दो

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,<br>
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।<br>
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,<br>
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

(i) काव्यांश के अनुसार आँख क्यों दुखाने लगी?

(क) रोशनी के कारण

(ख) थकान के कारण

(ग) चश्मे के कारण

(घ) आँख में तिनका पड़ने के कारण

(ii) काव्यांश में "ऐंठ भागने" का क्या अर्थ है?

(क) घमंड चूर-चूर होना

(ख) घमंड बढ़ना

(ग) समझ बढ़ना

(घ) उत्साह बढ़ना

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) "अध्यापिका" शब्द का बहुवचन लिखिए -

(क) अध्यापिकाए

(ख) अध्यापिकाएँ

(ग) अध्यापिके

(घ) अध्यापिकायें

(ii) नीचे दिए गये विकल्पों में भाववाचक संज्ञा पहचानिए -

(क) प्रयाग

(ख) इन्द्रप्रस्थ

(ग) नालंदा

(घ) तरुणाई

(iii) '**सौभाग्य**' शब्द का विलोम बताइए -

(क) दुभग्य

(ख) दुर्भाग्य

(ग) दुर्भग्य्या

(घ) दुर्भग्य

(iv) 'सुगन्धित हवा' में विशेषण के भेद की पहचान बताइए -

(क) गुणवाचक विशेषण

(ख) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण

(घ) सार्वनामिक विशेषण

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

"रुपया अगर अपना हो, तो उसे सहेजना एक ऐसा सुखद मनमोहक कार्य है कि मनुष्य उसे समय सहज में ही तन्मयता प्राप्त कर लेता है। लाला झाऊलाल ने अपना कार्य समाप्त करके ऊपर देखा। पर बिलवासी जी इस बीच अंतर्धान हो गए।"

उस दिन रात्रि में बिलबासी जी को देर तक नींद नहीं आई। वे चादर लपेटे चारपाई पर पड़े रहे। एक बजे वे उठे। धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी। फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक खोला। उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के-त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया। फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत अपनी पत्नी के गले में डाल दिया। इसके बाद उन्होंने हँसकर अँगड़ाई ली। दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए।

(i) गद्यांश के अनुसार किसको सहेजना सुखद और मनमोहक कार्य है?

https://www.evidyarthi.in

(क) अपनी पुस्तक

(ख) अपनी चादर

(ग) अपना रुपया

(घ) अपना पेन

(ii) गद्यांश के अनुसार जब लाला झाऊलाल अपना कार्य कर रहे थे इस बीच कौन अंतर्धान हो गया?

(क) अंग्रेज

(ख) बिलवासी जी

(ग) मोहल्ले वाले

(घ) लोटा

(iii) लेखक के अनुसार रात्रि के एक बजे कौन उठा?

(क) अंग्रेज

(ख) लाला झाऊलाल

(ग) दुकानदार

(घ) बिलवासी मिश्र

(iv) गद्यांश के अनुसार सोने की सिकड़ी में क्या बँधी हुई थी?

(क) ताली

(ख) ताबीज

(ग) मिजराब

(घ) थाली

प्रश्न 5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

हम तो केवल यह आँकते हैं
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और वह सौरभ हवा में तैरते हुए
पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।
और एक देश का भाप
दूसरे देश में पानी
बनकर गिरता है।

(i) काव्यांश के अनुसार एक देश की धरती दूसरे देश को क्या भेजती है?

(क) तूफ़ान

(ख) सुगंध

(ग) चिट्ठियाँ

(घ) जहाज

(ii) काव्यांश के अनुसार सुगंध कैसी हवा में तैरता है?

(क) सौरभ हवा में

(ख) दुर्गंधित हवा में

(ग) प्रदूषित हवा में

(घ) गरम हवा में

(iii) कवि के अनुसार एक देश का भाप दूसरे देश में क्या बनकर गिरता है?

(क) धुंध बनकर

(ख) आग बनकर

(ग) राख बनकर

(घ) पानी बनकर

(iv) 'भगवान के डाकिए" कविता के रचयिता कौन हैं?

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(घ) सूरदास

प्रश्न 6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) बदलू क्या काम करता था?

(क) लाख की चूड़ियाँ बनाने का

(ख) बर्तन बनाने का

(ग) हल बनाने का

(घ) कुर्सियाँ बनाने का

(ii) 'अकबरी लोटा' पाठ में लोटा कितने रुपये में बिका?

(क) ढाई सौ रूपये में

(ख) पाँच सौ रूपये में

(ग) सात सौ रूपये में

(घ) नौ सौ रूपये में

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(क) बंसी बजाने के

(ख) माखन चुराने के

(ग) गाय चराने के

(घ) चोटी बढ़ने के

(ii) 'भगवान के डाकिए' किसको कहा गया है?

(क) आँधी को

(ख) सागर को

(ग) धरती को

(घ) पक्षी और बादल को

**खंड ब (वर्णनात्मक)**

प्रश्न 8. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) 'पाप-पुण्य' में समास बताइए?

(ii) 'प्रतिदिन' शब्द में मूल शब्द लिखिए ।

(iii) 'प्रस्तुति' शब्द में उपसर्ग लिखिए

(iv) मंगल गान गाओ । वाक्य में विशेषण छाँटकर लिखिए ।

https://www.evidyarthi.in

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) 'माखन की चोरी करने वाला' के लिए एक शब्द लिखिए

(ii) कबीर 'म्यान' के बजाय किसका मोल करने को कहते हैं?

(iii) श्रीकृष्ण क्या बजाते थे?

(iv) 'भगवान के डाकिए' किसको कहा गया है?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4**

(i) 'बस की यात्रा' पाठ के अनुसार कितने मित्रों ने मिलकर बस से यात्रा करना तय किया?

(ii) बदलू कौन सा पशु पालता था?

(iii) लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली?

(iv) लाला झाऊलाल किससे पानी पी रहे थे?

प्रश्न11. निम्नलिखित गद्य आधारित प्रश्नों में से **किन्ही चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -2x4=8

(i) 'अकबरी लोटा' पाठ के अनुसार बुजुर्गों ने पानी पीने के संबंध में क्या नियम बनाए हैं?

(ii) हैड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना पूर्वज क्यों कहा है? 'पानी की कहानी' पाठ के अनुसार बताइए|

(iii) 'अकबरी लोटा' पाठ में लाला झाऊलाल अपनी पत्नी की बात पर क्यों तिलमिला उठे?

(iv) आप भारत को कैसा बनाना चाहते हैं?

(v) 'साइकिल आन्दोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बादलाव आए हैं?

प्रश्न12. निम्नलिखित पद्य आधारित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -2x3=6

(i) 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरत नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते हैं?

(ii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता के अनुसार बूढ़ी नानी सदियों से क्या सुना रही हैं? स्पस्ट कीजिये|

(iii) 'सूरदास के पद' कविता के अनुसार गोपियाँ क्या उलाहना देती हैं?

(iv) 'भगवान के डाकिए' कविता के अनुसार पक्षी और बादल क्या करते हैं?

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5x1=5

(क) विज्ञान के चमत्कार (ख) राष्ट्रीय पर्व (ग) परीश्रम का महत्त्व

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए - 5x1=5

अपने गाँव जाने के लिए अवकाश हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

'सांस्कृतिक कार्यक्रमों' में उत्कृष्ट विद्यार्थी चयनित होने पर बधाई देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

| | |
|---|---|
| Filename: | Practice QP 2  Class-8  2023-24 |
| Directory: | C:\Users\HP\OneDrive\Desktop |
| Template: | C:\Users\HP\AppData\Roaming\Microsoft\Templates\Normal.dotm |
| Title: | |
| Subject: | |
| Author: | HP |
| Keywords: | |
| Comments: | |
| Creation Date: | 11/20/2023 10:18:00 AM |
| Change Number: | 21 |
| Last Saved On: | 11/22/2023 4:41:00 PM |
| Last Saved By: | HP |
| Total Editing Time: | 110 Minutes |
| Last Printed On: | 11/22/2023 4:55:00 PM |

As of Last Complete Printing

Number of Pages: 5

Number of Words: 1,165 (approx.)

Number of Characters: 6,642 (approx.)

https://www.evidyarthi.in